आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-137 - ● कटनी ● शनिवार, 19 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष -9 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

श्रद्धांजलि पेज 7 पर




## फाइनल होने के बन रहे आसार साउथम्पटन में खिली धूप

**साउथहैम्प्टन।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जाने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल मैच का इंतजार सभी बेसब्री से कर रहे हैं। यह फाइनल मुकाबला 18 जून से खेला जाना था। लेकिन पहले दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ गया। साउथम्पटन में खराब मौसम के चलते पहले दिन टॉस तक नहीं हो सका। वहीं दूसरे दिन की बात की जाए तो साउथम्पटन का मौसम थोड़ा बेहतर है। जो क्रिकेट फैन्स के लिए रोमांचित करने वाली खबर है।

# भारत के टेलीकॉम समेत कई सेक्टरों पर हैकिंग का खतरा



## साजिश रच रही चालबाज चीन की ड्रैगन सेना

**नई दिल्ली।**


भारत के खिलाफ चीन लगातार नई साजिश रचता रहता है। कभी भारतीय सीमा में घुसकर घुसपैठ की कोशिश करता है तो कभी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के खिलाफ आवाज उठाता है। अब साइबर अटैक के जरिए भारत के खिलाफ जासूसी रचने की हरकत कर रहा है।

भारत के खिलाफ लगातार साजिश रचने वाला चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। चीनी सेना ने भारतीय दूरसंचार कंपनियों, सरकारी एजेंसियों और रक्षा सेक्टर समेत अन्य सेक्टरों को निशाना बना रहा है। बताया जा रहा है इन चीनी हमलों में एनटीपीसी के प्लांट्स भी शामिल थे। एक साइबर इंटेलिजेंस कंपनी ने जनकारी साझा की है। अमेरिकी रिपोर्ट में चीन के इस साजिश के पुख्ता सबूत मिले हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि चीन का यह अभियान पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक विशिष्ट इकाई से जुड़ा था। अमेरिकी रक्षा मुख्यालय के तहत आने वाले रिकॉर्डेड फ्यूचर की ओर से इसका खुलासा हुआ, जिसने इस साल की शुरुआत में बिजली और बंदरगाह क्षेत्रों में भारत के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निरंतर करने वाले सिस्टमों पर चीनी साइबर निशाना बनाए हुए था। इसी साल मार्च में उजागर हुई इस यूनिट को रेडइको कहा गया, जबकि नए समूह की पहचान रेडफॉक्सट्रोट के रूप में हुई है। रिकॉर्डेडफ्यूचर के इंसिक्ट ग्रुप ने संदिग्ध चीनी सरकार द्वारा प्रायोजित समूह के रूप में पहचान की गई है।

### पिछले साल तनाव के बाद चीन ने शुरू की यह हरकत

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो चीन की ओर से यह हरकत उस वक्त शुरू हुई जब पिछले साल भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर दोनों सेना आमने-सामने थीं। लद्दाख में भारतीय और चीनी सेना के बीच झड़प हुई थी। एक अलग ब्लॉग पोस्ट में रिकॉर्डेड फ्यूचर ने कहा कि ये निष्कर्ष नेटवर्क ट्रैफिक के विश्लेषण, हमलावरों द्वारा उपयोग किए गए मैलवेयर के फूटप्रिंट, डोमेन रजिस्ट्रेशन रिकॉर्ड और संभावित लक्ष्यों से डेटा ट्रांसमिसिंग करने पर आधारित थे।

## फिर आ गया वायरस जोकर, मोबाइल पर खतरा




गूगल प्ले-स्टोर पर जोकर मैलवेयर की एंट्री साल 2019 में हुई थी। साल 2020 जुलाई में भी जोकर गूगल प्ले-स्टोर पर आया था और करीब 11 एप को अपना शिकार बनाया था और अब फिर से जोकर मैलवेयर की वापसी हो गई है। इस बार जोकर उन कैटेगरी के एप को इसने शिकार बनाया है जिन्हें पिछले साल बैन कर दिया गया था। जैसे- कैम स्कैनर आदि। पिछले साल जुलाई में सिक्योरिटी एजेंसी चेक प्वाइंट ने जोकर ड्रोपर और प्रीमियम डायलर स्पाइवेयर का पता लगाया था और इस बार क्विक हील सिक्योरिटी लैब ने इसकी जानकारी दी है। क्विक हील ने आठ ऐसे मोबाइल एप्स का पता लगाया है जो प्ले-स्टोर पर मौजूद हैं और उनमें यह Joker मैलवेयर मौजूद हैं। ये एप्स आपके लिए खतरनाक हैं। ऐसे में आप इन्हें अपने फोन से डिलीट कर दें।

## फटाफट खबरें



### विख्यात हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रमेश का कोरोना से निधन

**नई दिल्ली।** दो महीने तक आईसीयू में कोरोना वायरस से जंग लड़ रहे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर रमेश कुमार की आखिरकार मौत हो गई। शुक्रवार देर शाम डॉ. रमेश कुमार ने अस्पताल के आईसीयू में दम तोड़ दिया। हड्डी रोग विशेषज्ञता को लेकर देश के जाने माने डॉक्टरों में से एक रमेश कुमार केंद्रीय हड्डीरोग संस्थान (सीआईओ) के प्रमुख भी रहे। रीढ़ की हड्डी से जुड़ी विशेषज्ञता प्राप्त डॉ. रमेश कुमार ने 39 साल में हजारों सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को नया जीवन दिया। उनके नाम 100 से भी अधिक शोध प्रकाशित हो चुके हैं।

### दो बच्चों का बाप कर रहा था दूसरी शादी, पहली पत्नी ने की धुनाई

**इंदौर।** खंडवा रोड स्थित एक होटल में उस समय हंगामे की स्थिति बन गई। जब एक डाक्टर का दूसरी शादी रचाने का तैयारी में था। पहली पत्नी को सूचना मिलते ही वह अपने बच्चों और स्वजन को लेकर होटल पहुंच गई और आशिक मिजाज डाक्टर की पिटाई कर डाली। बाद में यह मामला भंवरकुआं थाने पहुंच गया। सूत्रों के अनुसार 50 साल का डा. जितेंद्र को पहली पत्नी कांता से दो बच्चे हैं। इनके खुशहाल जीवन ने तब मोड़ ले लिया, जब आशिक मिजाज डाक्टर जितेंद्र ने अपनी प्रेमिका लक्ष्मीप्रिया से विवाह रचाने का फैसला किया। ।

### पंजाब नेशनल बैंक के कैशियर को ईओडब्लू ने किया गिरफ्तार

**उज्जैन।** पंजाब नेशनल बैंक के हेड कैशियर को ईओडब्ल्यू ने गिरफ्तार किया है। 3 करोड़ से अधिक राशि के गबन के मामले में आरोपी फरार था जानकारी के अनुसार राजकुमार नरवरिया को उज्जैन ईओडब्ल्यू की टीम ने इंदौर के महेश नगर से गिरफ्तार किया। ईओडब्ल्यू में तीन साल पहले प्रकरण दर्ज हुआ था पंजाब नेशनल बैंक की बड़नगर तहसील शाखा का यह मामला है। बताया गया हर्ईओडब्ल्यू संपत्ति कुर्क कर करेगी 40 लाख की वसूली करेगी।

## टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट, टीकाकरण की रणनीति का पालन करना अत्यंत महत्वपूर्ण

# गृह मंत्रालय का राज्यों को सख्त निर्देश, कहा- सावधानी से हटाएं लॉकडाउन

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को एक पत्र लिखकर कोरोना महामारी से जुड़े कुछ सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखा है यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी राज्यों में कोविड उपयुक्त व्यवहार और परीक्षण-ट्रैक-उपचार-टीकाकरण रणनीति का पालन करने में कोई ढिलाई नहीं की जाए। गृह मंत्रालय ने अपने पत्र में सभी राज्यों को कोरोना वायरस लॉकडाउन और अनलॉक को लेकर निर्देश दिए हैं। गृह मंत्रालय ने अपने पत्र में लिखा है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लॉकडाउन खोलने की प्रक्रिया को सावधानीपूर्वक किया गया है। राज्यों को गृह मंत्रालय ने कहा है कि लॉकडाउन खोलते समय, कोविड के उपयुक्त व्यवहार, टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट, टीकाकरण की रणनीति का पालन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही कहा गया है कि



कुछ राज्यों में प्रतिबंधों में ढील के कारण कोविड के उचित व्यवहार का पालन किए बिना बाजारों में लोगों की भीड़ लग गई है। ऐसी चीजों को रोकने की जरूरत है। पत्र में साथ ही लिखा गया है कि संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए कोविड के खिलाफ टीकाकरण महत्वपूर्ण है। इसलिए राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों को टीकाकरण की गति बढ़ानी चाहिए।

### स्वास्थ्य मंत्री बोले लोग लापरवाह हो गए

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने भी कहा है कि सरकार ने पिछले साल महामारी को रोकने के लिए दिन रात काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सक्रिय मामलों को न्यूनतम स्तर तक लाने में सफल रहे थे। परंतु, इस साल के शुरू में वैक्सीन के आने के बाद लोग लापरवाह हो गए। जिसके परिणामस्वरूप देश को दूसरी लहर का सामना करना पड़ा।

### डेल्टा प्लस वैरिएंट: महिला के संपर्क में आए बाकी लोगों की रिपोर्ट भी निगेटिव

मप्र के लिए अच्छी खबर है कि जिस महिला में कोरोना वायरस का डेल्टा प्लस वैरिएंट मिला था, उसके संपर्क में आए सभी लोगों की कोरोना जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। रिपोर्ट आने के पूर्व अंदेशा था कि कहीं महिला के संपर्क में आने वाले लोग भी संक्रमित न हो गए हो।

## 74 दिनों बाद सबसे कम कोरोना एक्टिव केस


**नई दिल्ली (एजेंसी)।**



कोरोना महामारी की दूसरी लहर देश में अब धीरे-धीरे पूरी तरह से मंद पड़ गई है। अब देश में कोरोना संक्रमण के एक्टिव केस 74 दिनों बाद सबसे कम रह गए हैं। साथ ही लगातार 5 दिन तक नए कोरोना संक्रमण के मामले भी 70 हजार से कम आ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक बीते 24 घंटों में 60,753 नए कोरोना केस आए और 1647 संक्रमितों की जान चली गई है। वहीं एक दिन में 97,743 लोग कोरोना से ठीक भी हुए हैं यानी कि शुक्रवार को 38,637 एक्टिव केस कम हो गए। इससे पहले गुरुवार को 62,480 नए कोरोना केस दर्ज किए गए थे। गौरतलब है कि देश में अब कोरोना महामारी का रिकवरी रेट बढ़कर 96.16 फीसद हो गया है और प्रतिदिन पॉजिटिविटी रेट 2.98 फीसद है।

## कोलकाता में लगे विजयवर्गीय गो बैक के नारे वाले पोस्टर

**कोलकाता, (एजेंसी)।**




कैलाश गो बैक के पोस्टरों के सामने आने से राज्य की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। हालांकि भाजपा ने इनके लिए तृणमूल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। लेकिन हाल की घटनाओं को ध्यान में रखें तो यह भाजपा की लगातार तेज होती अंतरकलह का नतीजा माना जा रहा है। दरअसल, मुकुल रॉय कैलाश के करीबी थे। उनके टीएमसी में शामिल होने के बाद कैलाश के खिलाफ भी पार्टी में आवाजें उठ रही हैं। दो मई को विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद से ही कैलाश बंगाल में उतने सक्रिय नजर नहीं आए हैं। इस दौरान वे एक बार भी कोलकाता नहीं आए हैं। चुनाव से पहले पार्टी के तमाम बैठकों में शामिल रहने वाले कैलाश ने उसके बाद किसी भी बैठक में वर्चुअली भी हिस्सा नहीं लिया है। इसके अलावा वे खासकर बंगाल चुनाव और उसके नतीजों पर पत्रकारों से भी ज्यादा बात नहीं कर रहे हैं।

## शिवराज बोले-सिर्फ वैक्सीन ही बचाव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में 21 जून से शुरू होने जा रहे कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान को लेकर सीएम शिवराज सिंह चौहान प्रदेश की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण से बचने का एकमात्र उपाय वैक्सीनेशन हैं।कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान के लिए समाज के प्रमुख लोगों का सहयोग चाहिए। सीएम ने कहा कि कलेक्टर सभी धर्मगुरुओं को टीकाकरण केंद्रों की जानकारी दें ताकि वे वहां पहुंच सकें। मुख्यमंत्री-धर्मगुरुओं के वीडियो टीका लगवाने के संबंध में जारी करवाएं। टीका लगवाने पर हल्का बुखार आता है, इससे घबराने की जरूरत नहीं है। चेचक के टीकों के समय भी यह दिक्कत होती थी। मुझे पूरा विश्वास है कि सभी के सहयोग से जनता को सुरक्षा



चक्र देकर जनता को तीसरी लहर से बचा लेंगे। उन्होंने कहा, प्रदेश में कोरोना टेस्ट और बढ़ाए जाएंगे। टेस्ट बढ़ाने से संक्रमितों का पता चलेगा और उन्हें अलग कर संक्रमण को फैलने से रोका जा सकेगा। घर-घर जाकर सर्वे भी जारी रहेगा। प्रदेश में एक दन में 80 हजार टेस्ट किए जाएंगे। कोविड के अनुकूल व्यवहार अवश्य करें। गाड़ी में मास्क लगाकर बैठें, आपकी मदद से जागरूकता आएगी। प्रदेश में संक्रमण पूरी तरह से नियंत्रण में है। मध्य प्रदेश में शुक्रवार को सिर्फ 110 केस आए हैं। इंदौर भोपाल में भी संक्रमण पूरी तरह से नियंत्रण में है।उन्होंने कहा कि हम कब तक व्यापार बंद रखेंगे, कोरोना की दूसरी लहर भयावह थी। टेस्ट हम कम नहीं करने वाले, 75 से 80 हजार टेस्ट रोज होने चाहिए। कांटेक्ट ट्रेसिंग भी की जाएगी। हमें कोरोना गाइडलाइन का सख्ती से पालन करना है।

## सभी दलों को न्योता


## कश्मीर पर पीएम मोदी ने 24 जून को बुलाई बड़ी बैठक

**नई दिल्ली।** से आर्टिकल 370 हटाए जाने के करीब 2 साल बाद केंद्र सरकार इस राज्य को लेकर एक और अहम बैठक करने जा रही है। खबर है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 जून को जम्मू-कश्मीर के सभी दलों की एक बैठक बुलाई है। राजधानी दिल्ली में होने वाली इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा अन्य केंद्रीय मंत्री हिस्सा लेंगे। सरकार की ओर से आधिकारिक जानकारी



नहीं दी गई है, लेकिन माना जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर में जारी राजनीतिक अस्थिरता दूर करने के प्रयास होंगे। यानी विधानसभा चुनाव करवाना पर भी मंथन हो सकता है। पीडीपी की अध्यक्ष मेहबूबा मुफ्ती ने कहा कि उन्हें दिल्ली से फोन आया है और इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए 24 जून को बुलाया गया है, लेकिन मैंने जाने या न जाने के बारे में कोई फैसला नहीं लिया है।

## 50 रुपये में ऑर्डर करें PVC आधार कार्ड




**नई दिल्ली।** भारतीय नागरिक के लिए आधार कार्ड महत्वपूर्ण दस्तावेज है। यह केवल एक दस्तावेज ही नहीं है, बल्कि पहचान पत्र है। किसी भी वित्तीय लेनदेन और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आधार बेहद जरूरी है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण आधार से जुड़ी सेवाएं देखने वाली अथॉरिटी है। नागरिकों के हित के लिए यूआईडीएआई समय-समय पर महत्वपूर्ण जानकारी देता रहता है। अगर आपका आधार कार्ड खो गया है तो आप यूआईडीएआई की वेबसाइट से इसका प्रिंट दोबारा मंगा सकते हैं। अब यूआईडीएआई ने पुराने स्टाइल वाला लंबा-चौड़ा आधार कार्ड रीप्रिंट करना बंद कर दिया है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार कार्ड रीप्रिंट का फॉर्मेट बदल दिया है। यूआईडीएआई अब पॉलिविनाइल क्लोराइड आधार कार्ड जारी करता है। यह पुराने स्टाइल वाले लंबा-चौड़ा आधार कार्ड के मुकाबले बेहद आकर्षक है और एटीएम कार्ड जितना छोटा है। ऐसे में पानी से खराब होने या टूटने का डर नहीं रहेगा। इसलिए इसे आप आसानी से अपनी जेब में रख सकते हैं। पीवीसी कार्ड पर आधार को प्रिंट करवाने और घर तक मंगवाने के लिए आपको महज 50 रुपये का शुल्क देना होगा। यदि आपके परिवार में चार लोग हैं तो आपको 200 रुपये का शुल्क अदा करना होगा। प्रिंट को लेकर पूछे गए सवाल पर आधार हेल्प सेंटर ने बताया कि आप ऑनलाइन माध्यम से आधार पीवीसी कार्ड ऑर्डर कर सकते हैं।

## आतंकियों के 12 मददगार गिरफ्तार

**जम्मू।** कश्मीर के बारामुला में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। यहां नार्को टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ है। जिसमें आतंकियों के 12 मददगारों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से हेरोइन के 11 पैकेट, चार पिस्टल, कई मैग्जीन, बीस कारतूस और एक लाख रुपये की चेक बरामद हुई है। हेरोइन की कीमत 21.5 लाख रुपये बताई जा रही है। बता दें कि पुलिस को आतंकियों के मददगारों के सक्रिय होने की सूचना मिली थी। गिरफ्तार आतंकियों के मददगारों से पुलिस पूछताछ कर रही है। संभावना जताई जा रही है कि इस मॉड्यूल का भंडाफोड़ होने से कई अहम राज व आतंकी साजिशों का पर्दाफाश होगा।



## मूसलाधार बारिश से गंगा का जलस्तर बढ़ा, ऋषिकेश में कई घाट डूबे

**ऋषीकेश।** उत्तराखंड में मानसून शुरुआत से ही खौफनाक रूप दिखा रहा है। कई घंटों से हो रही मूसलाधार बारिश से नदियां उफान पर हैं। बरसाती नालों में भी पानी बढ़ गया है। ऋषिकेश और हरिद्वार में गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। जिस कारण अलर्ट जारी किया गया है। गंगा, गोरी, शारदा, अलकनंदा, मंदाकिनी और नंदाकिनी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। ऋषिकेश में लगातार बारिश जारी है। गंगा का जलस्तर 340.34 आरएल मीटर पर पहुंच गया है। गंगा खतरे के निशान से 18 सेंटीमीटर नीचे बह रही है। परमार्थ निकेतन स्वर्गाश्रम, त्रिवेणी और लक्ष्मण झूला के लगभग सभी गंगा घाट डूब गए हैं। मायाकुण्ड, चंद्रेश्वर नगर में पानी भर गया है। तपोवन नगर और मुनिकीरेती में आश्रमों और होटलों को अलर्ट जारी किया गया है। टिहरी, पौड़ी और ऋषिकेश प्रशासन लगातार मुनादी करवा रहा है। रायवाला के गौहरी माफी, प्रतीतनगर व श्यामपुर के खदरी माफी में लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा जा रहा है। पहाड़ी व मैदानी इलाकों में हो रही बारिश के बाद शनिवार सुबह छह बजे हरिद्वार से गंगा में 3.75 लाख क्यूसेक पानी छोड़ने से गंगा उफान पर है। हरिद्वार में रात दो बजे से गंगा का जलस्तर बढ़ना शुरू हुआ।

## अचानक बढ़ा गंडक नदी का जल स्तर, हर पल मौत को देखते रहे लोग

# 150 लोगों ने किया मौत से मुकाबला, जान बची तो फफककर रो पड़े

**कुशीनगर।** बरसात की अंधेरी रात, ऊफनाई नदी में बिना पतवार के बह रही नाव और मोबाइल का कमजोर सिग्नल, कुल मिलाकर मदद की कोई आस नहीं। ऐसी विषम परिस्थिति में फंसे लोगों पर एक-एक पल कितना भारी पड़ा होगा, इसकी कल्पना मात्र से मन कांप जाता है। लेकिन यही हालत थी गंडक नदी की मझधार में नाव पर फंसे करीब उन डेढ़ सौ सवारों की जिन्हें करीब पांच घंटे बाद उम्मीद की एक किरण नजर आई जब उनकी नाव एक जगह जाकर फंस गई। नाव पर सवार लोगों ने जिंदगी की आस नहीं छोड़ी और अंततः ग्रामीणों के अलावा एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम उन्हें बचाने के लिए पहुंच ही गई। लोगों का कहना है कि लहरों के बीच धैर्य से काम लिया। ऐसा लग रहा था कि मौत सामने खड़ी है।

नाव पर सवार रहे पुष्कर नगर निवासी रामजीत यादव ने बताया कि



शाम को खेतों से काम निबटाकर सब लोग जल्दी में थे। बीच मझधार में पहुंचते ही नाव का मोटर बंद हो गया। उस वक्त नदी के विकराल रूप को देखकर ही मन सहम गया था।पुष्कर नगर के ही दया यादव का कहना है कि जब नाव लहरों के सहारे बहने लगी तो जिंदगी की आस ही खत्म हो गई थी। हम कुछ कर भी नहीं सकते थे, लिहाजा सब भगवान को याद कर शांत बैठे थे।बैकुंठपुर निवासी मलख का कहना है कि जब तक नाव बहते हुए एक जगह पर टिकी नहीं, तब तक हर सांस अंतिम लग रही थी। जैसे ही एहसास कि उथली जमीन मिली है तो तुरंत ही नाव को रोकने का उपाय किया गया।दुदही निवासी गुड़िया देवी गोद में बच्चे को लेकर नाव में बैठी थी। मझधार में जो हालत थी, उसे बयां करने के लिए शब्द नहीं हैं। केवल आंसू बह रहे थे। लग रहा था कि यह अंतिम यात्रा ही है।बैकुंठपुर निवासी विश्वनाथ यादव का कहना है कि एक बार तो ऐसा लगा कि जैसे मौत से साक्षात सामना हो रहा है। विवशता यह थी कि रात के चलते न हम किनारे पर मौजूद लोगों को देख पा रहे थे न ही लोग हमको। रक्तहिया के दीना का कहना है कि वे लोग तो अक्सर ही नाव से नदी पार करते रहते हैं, लेकिन ऐसी हालत कभी नहीं हुई। पानी का बहाव इतना तेज था कि नाव कभी भी डूब सकती थी। मल्लाह ने खुद भी धैर्य रखा और हमें भी दिलासा देते रहे। पुष्कर नगर के ही दया यादव का कहना है कि जब नाव लहरों के सहारे बहने लगी तो जिंदगी की आस ही खत्म हो गई थी। हम कुछ कर भी नहीं सकते थे, लिहाजा सब भगवान को याद कर शांत बैठे थे।



# 2 लाख 9 हजार ने पाया अपना सुरक्षा कवच

## आप पात्र हैं, तो न कतराएं, न घबराएं, करायें अपना कोरोना टीकाकरण, 21 जून से जिले में प्रारंभ होगा कोरोना वेक्सीनेशन का महा-अभियान

**कटनी।** कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये जिले में कोविड वेक्सीनेशन का कार्य जारी है। शासन-प्रशासन द्वारा जनमानस में कोविड टीकाकरण को लेकर जनजागरुकता के प्रयास भी सतत् रुप से किये जा रहे हैं। इसके सार्थक परिणाम सामने भी आये हैं। बहोरीबंद विकासखण्ड का ग्राम बम्हौरी और रीठी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पिपरिया परौहा ने टीकाकरण के क्षेत्र में सम्पूर्ण जिले के लिये मिसाल पेश की है। इन दोनों ही स्थानों में 45 व उससे अधिक आयुवर्ग के सभी लोगों का टीकाकरण हो चुका है। इसके साथ ही अब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशों के तहत 21 जून से सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ही जिले में कोरोना टीकाकरण का महा अभियान प्रारंभ होने जा रहा है। इस महा अभियान में वृहद् स्तर पर जिले में टीकाकरण केन्द्रों को स्थापित करते हुये कोविड वेक्सीनेशन किया जायेगा। जब जिले में 2 लाख 9 हजार से अधिक लोगों ने बिना किसी भ्रम, बिना किसी डर के टीके के रुप में अपना सुरक्षा कवच पाया है, तो आप भी पीछे ना रहें, और आगे बढ़कर कोविड का टीका जरुर लगवायें। जिले में अब तक 2 लाख 9 हजार 373 लोगों ने कोरोना टीकाकरण कराते हुये अपना सुरक्षा कवच पाया है। काबिलेगौर है कि जिले में 16 जनवरी 2021 से कोरोना टीकाकरण की शुरुआत हुई थी। जिसमें प्रारंभ में फ्रंटलाईन वर्कर्स और हेल्थकेयर वर्कर्स को कोरोना का टीका लगाया गया। 16 जनवरी से लेकर 16 जून तक 1 लाख 86 हजार 183 लोगों ने कोरोना वेक्सीनेशन का फर्स्ट डोज लगवाया है। वहीं 23 हजार 190 नागरिकों ने वेक्सीनेशन का सेकेण्ड डोज भी लगवा लिया है।





### 2698 फ्रंटलाइन वर्कर्स को दूसरी डोज

जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण को लेकर प्रोत्साहित करने के लिये समस्त 6 विकासखण्डों में टीकाकरण जागरुकता रथ चलाये गये। इन रथों ने जिले के गांव-गांव में जाकर ग्रामीणों को कोरोना टीकाकरण के प्रति प्रेरित किया। वहीं टीकाकरण को लेकर व्याप्त भ्रांतियों का निदान भी किया। जिले में 6 हजार 871 हेल्थकेयर वर्कर्स ने अपने सुरक्षा कवच की पहली डोज और 5 हजार 524 हेल्थकेयर वर्कर्स ने अब तक कोरोना टीके की दूसरी डोज लगवाई है। वहीं 4 हजार 950 फ्रंटलाईन वर्कर्स को कोरोना का पहला टीका और 2698 फ्रंटलाईन वर्कर्स को कोरोना का दूसरा टीका लगाया जा चुका है।

### 58 हजार से अधिक युवाओं ने दिखाई जागरूकता

कोरोना टीकाकरण को लेकर जिले के युवाओं में खासा उत्साह है। 18 से 44 आयुवर्ग के अब तक 58 हजार 169 युवाओं ने कोविड वेक्सीनेशन की पहली डोज लगवाई है। वहीं 1183 के द्वारा कोरोना टीके का दूसरा डोज भी लगवा लिया गया है। जिले में अब तक 45 से 59 आयुवर्ग के 65 हजार 727 लोगों ने फर्स्ट डोज का वेक्सीनेशन कराया है। वहीं 6424 लोगों ने सेकेण्ड डोज का वेक्सीनेशन भी करा लिया है। 60 एवं उससे अधिक आयुवर्ग के 50 हजार 466 सीनियर सिटिजन्स को भी कोरोना टीके की पहली डोज लगाई जा चुकी है। वहीं 7 हजार 361 ने कोरोना टीके की दूसरी डोज भी लगवा ली है। समय समय पर शासन के निर्देशों के अनुसार टीकाकरण कार्यक्रम के तहत उच्च जोखिम समूह के लिये विशेष टीकाकरण शिविर भी लगाये गये हैं। इनमें औद्योगिक इकाईयों में कार्यरत लोगों के लिये महाकौशल रिफैक्ट्रीज बरगवां में विशेष कैम्प आयोजित किया गया।

### केसीएस स्कूल में भी हुआ टीकाकरण

पत्रकारों के लिये भी कोतवाली तिराहे के पास जैन बोर्डिंग में कैम्प का आयोजन किया गया। इसी प्रकार जिला जेल में बंदियों के लिये भी टीकाकरण के लिये विशेष शिविर लगाया गया। नगरीय क्षेत्र को अनलॉक करने के पूर्व भी दुकानों का व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत लोगों के लिये भी केसीएस स्कूल में टीकाकरण सत्र आयोजित किया गया। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये कोरोना का टीका ही आपका सुरक्षा कवच है। इसलिये यदि आप पात्र हैं, तो ना करतरायें, ना घबरायें, कोरोना का टीका जरुर लगवायें। हमारा वेक्सीनेशन ही हमारी सुरक्षा है।

## टीकाकरण महाअभियान के लिए बना कन्ट्रोल रुम

**कटनी।** कोविड-19 टीकाकरण महअभियान अंतर्गत 21 जून से 30 जून तक टीकाकरण का कार्य किया जाना है। इस कार्य के लिये जिला कार्यालय स्थित कोविड कमाण्ड कंट्रोल सेंटर में कंट्रोल रुम स्थापित किया गया है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिलास्तर पर स्थापित किये गये कंट्रोल रुम के लिये सहायक कलेक्टर अंजली रमेश को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही महाप्रबंधक उद्योग अजय श्रीवास्तव को प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हुये दायित्व सौंपे हैं। जारी आदेश के तहत कमाण्ड सेंटर में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी कोविड-19 वेक्सीनेशन के एक दिन पूर्व आरआरटी से वैक्सीन सेंटर की समस्त व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त करेंगे।

टीकाकरण तिथि को टीकाकरण प्रारंभ होने के पूर्व प्रातः 9 बजे सभी टीकाकरण केन्द्रों पर आरआरटी से संपर्क कर टीकाकरण दल एवं वेक्सीने पहुंचने की जानकारी प्राप्त करेंगे। टीकाकरण दिनांक को प्रति घंटे फोन के माध्यम से आरआरटी, वेक्सीनेशन दल से संपर्क कर टीकाकरण की प्रगति की संख्या की जानकारी एवं शेष बचे हुये कोविड वॉयल डोजेज की जानकारी प्राप्त करेंगे। यदि किसी सेंटर पर अतिरिक्त टीम की आवश्यकता है, तो तत्काल कंट्रोल रुम को अवगत करायेंगे। कोविड कमाण्ड सेंटर ई-दक्ष में कार्यरत समस्त चिकित्सक, कम्प्यूटर ऑपरेटर निर्धारित समायानुसार अनिवार्य रुप से कंट्रोल रुम में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।

# युवक कांग्रेस में संगठन विस्तार



### अरशद खान बने उपाध्यक्ष

**कटनी।** मप्र युवा कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस संगठन के विस्तार हेतु युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मनोज गुप्ता द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन के मुख्यातिथ्य में आयोजित बैठक में विधानसभा अध्यक्ष मनोज गुप्ता द्वारा शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन की अनुशंसा पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित की सहमति से युवा कांग्रेस के सक्रिय सदस्य अरशद खान को मुड़वारा विधानसभा युवा कांग्रेस का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अरशद खान की नियुक्ति पर कांग्रेस युवा कांग्रेस जिला महामंत्री रौनक खण्डेलवाल, युवा नेता दानिश अहमद, पूर्व पार्षद आफताब अहमद, रमेश सोनी, इश्तियाक अहमद, राकेश द्विवेदी, पूर्व पार्षद नासिर खान, पूर्व पार्षद श्रीमती लता कनौजिया, रौनक खंडेलवाल जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता एवं अजय कछवाहा, श्याम यादव, जगदीश सजेंद्र जैन, दीपक केसरवानी, विनोद डेंगरे, राजकुमार झमनानी, अभिषेक बर्मन, सुरेश खंडेलवाल, अतीश खमपरिया, मोहम्मद सलीम, शेख हसीब, इंजमाम उल हक, आमिर खान, हर्ष केसरवानी, भोला सोनी, सत्यम लहरिया, आलोक परोहा, कमलेश सेन, इमरान अहमद, वसीम गुलाम, अब्दुल नसीम आदि ने हर्ष व्यक्त किया है। आगामी समय में युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष, मण्डलम व बूथ स्तर पर कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।





# वैक्सीनेशन में सभी वर्गों का सहयोग जरूरी

### मुख्यमंत्री ने युवा शक्ति कोरोना मुक्त अभियान के तहत किया संवाद

**कटनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वर्चुअल के तहत युवा शक्ति कोरोना मुक्ति अभियान का शुभारम्भ 18 जून को किया गया।

सर्वप्रथम म.प्र. के चयनित महाविद्यालयों के विद्यार्थियों से मुख्यमंत्री ने संवाद स्थापित किया तथा छात्रों से कोरोना महामारी के बचाव एवं उपायों की जानकारी ली गयी तथा ओपन बुक प्रणाली से सम्पन्न होने वाली परीक्षा के बारे में भी विद्यार्थियों से चर्चा किये एवं सुझाव आमंत्रित किये गये। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण अभी खत्म नहीं हुआ है, इसकी दर घटी है। हमें सतर्कता से काम करना होगा तथा समाज को भी सतर्कता हेतु युवा वर्ग को आगे बढ़कर इस महामारी के बचाव एवं उपाय हेतु कार्य करना होगा तभी म.प्र. के साथ-साथ भारत कोरोना से मुक्ति होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि, भारत में युवा वर्ग का प्रतिनिधित्व सर्वाधिक है। युवा वर्ग के साथ-साथ समाज के सभी लोगों को कोरोना का टीका अवश्य लगवाना चाहिये जो कि कोरोना के बचाव हेतु सशक्त माध्यम है। साथ ही जब भी घर से निकलें तो मास्क सही ढंग से लगा कर निकले।

इस युवा शक्ति कोरोना अभियान में सभी शासकीय महाविद्यालयों में मोबाईल, लेपटाप एवं वर्चुअल के माध्यम से प्रसारण किया गया जिसमें सभी शासकीय महाविद्यालय के चयनित आमंत्रित छात्रों की प्रतिभागिता रही। इस वर्चुअल माध्यम में डॉ. चित्रा प्रभात प्रशासनिक अधिकारी, शास. तिलक महावि. कटनी, डॉ.हेमलता गर्ग, डॉ. आर.एस.त्रिपाठी, डॉ. आर.के.गुप्ता, डॉ. आर.के.वर्मा, डॉ.अरूण कुमार, डॉ. सरिता पाण्डेय, डॉ. सुनील कुमार, डॉ.के.पी.मिश्रा, डॉ.व्ही.के.द्विवेदी, डॉ.माधुरी गर्ग, श्रीमती उर्मिला दुबे, श्रीमती ज्योत्सना आठ्या, डॉ. सरदार दिवाकर, डॉ.आर.पी.सिंह एवं अन्य प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

# जिले में अब तक 100.2 मिलीमीटर औसत वर्षा

**कटनी।** जिले में 1 जून से 18 जून 2021 तक 100.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गौरतलब है कि जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 18 जून 2021 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र कटनी में 45.8 मिलीमीटर, रीठी में 66.7, बड़वारा में 65.0, बरही में 250.0, विजयराघवगढ़ में 163.3, बहोरीबंद में 87.5, स्लीमनाबाद में 76.0 और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 52.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में जिले की तहसीलों के वर्षामापी केन्द्रों मे औसतन 3.5 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज हुई। जिसमें तहसीलवार 18 जून को हुई वास्तविक वर्षा के अनुसार कटनी तहसील में निरंक, रीठी तहसील में 4.2, बड़वारा तहसील में निरंक, बरही तहसील में 18.0, विजयराघवगढ़ तहसील में निरंक वर्षा दर्ज हुई है। इसी प्रकार बहोरीबंद में निरंक, स्लीमनाबाद में 3.0 और ढीमरखेड़ा में 1.0 वर्षा रिकॉर्ड की गई।

# शुभ कार्य की शुरूआत पौधारोपण से करने का संकल्प



### रेलवे चिकित्सालय एनकेजे में पौधरोपण अभियान

**कटनी।** न्यू कटनी पश्चिम मध्य रेलवे स्थित मंडलीय रेलवे चिकित्सालय में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिविल लाइन राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के नेतृत्व में पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए पौधरोपण अभियान चलाया गया जिसमें बेल मुनगा नींबू सहित अन्य जड़ी बूटी के पौधे रोपित किए गए साथ ही उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर आर एस पंडित सीएमपी रेलवे ने कहा कि पेड़ पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरती को बनाए रखने के लिए अपना योगदान दें। बीके लक्ष्मी बहन ने कहा कि वातावरण में फैल रहे इस जहर को रोकने का सबसे अच्छा उपाय यह है कि अधिक संख्या में पौधे रोपित किए जाएं पेड़ पौधों की अंधाधुंध दोहन से यह स्थिति बनी है आज हम यह सकल्प ले कि हमें अपने किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत पौधरोपण से करनी है इससे हमें प्रकृति का आशीर्वाद मिलता है आज जो पौध रोपण करेंगे वह आने वाली पीढ़ी के लिए तोहफा होगा क्योंकि वह पेड़ पौधे बड़े होकर सदियों तक सभी को जीवन के रूप में ऑक्सीजन देते रहेंगे। इस अवसर पर श्रीमती विभा कुमारी सीएनसी रेलवे, हीरा चंद मीना एसएनएस रेलवे, सूरज, सौरभ, बीके दुर्गा बहन, सुमन बहन, दिनेश भाई सहित अन्य का सहयोग रहा।

# टेवाईट में 12 दिवसीय पेंटिंग वर्कशॉप का समापन




**कटनी।** टेवाईट महाविद्यालय में 12 दिवसीय बहुआयामी पेंटिंग कार्यशाला का 17/06/2021 तारीख को समापन हुआ। 12 दिवस के अंदर छात्र/छात्राओं ने कैनवास पेंटिंग, बोतल नैक पेंटिंग, ब्लॉक पेंटिंग,क्ले आर्ट, नाईफआर्ट, टेम्पर आर्ट,बोतल आर्ट,न्यूज पेपर आर्ट आदि का प्रशिक्षण किया। डॉ. पूनम मिश्रा, नीतू चौबे, रश्मि वर्मा, कृति गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में तैयार पेंटिंग की प्रदर्शनी भी जुलाई प्रथम सप्ताह में लगाई जा रही है उसमें उत्कृष्ट कलाकृति को पुरस्कृत भी किया जावेगा।



# भाजपा में जिला प्रभारियों की नियुक्ति के साथ सौंपे गए दायित्व

**कटनी।** भाजपा जिला की आवश्यक बैठक जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 21 जून से 31 जुलाई तक होने वाले संगठनात्मक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु कार्यक्रमों के सम्बंध में चर्चा की गई। साथ ही विविध कार्यक्रमों के जिला प्रभारी नियुक्त कर दायित्व सौंपे गए। प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के निर्देशानुसार संगठनात्मक कार्यक्रमों को पूरी ऊर्जा के साथ करने के लिए पार्टी के वरिष्ठजनों को दायित्व सौंपे गए हैं। 21 जून योग दिवस के लिए चेतन हिन्दूजा को प्रभारी बनाया गया है।

इसी तरह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस 23 जून तथा डॉ मुखर्जी के जन्मदिवस 6 जुलाई तक वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए सुनील उपाध्याय को प्रभारी बनाया गया है। आपातकाल को काले दिवस के रूप में मनाने के कार्यक्रम प्रभारी सत्यव्रत त्रिपाठी रहेंगे। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम हेतु पूर्व मंत्री श्रीमती अलका जैन तथा ई-प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी अश्वनी गौतम प्रभारी होंगे।



कोविड संकट से निपटना विषय पर सेमिनार आदि के लिए गणेश राव को प्रभारी बनाया गया है। मंडल स्तरीय कार्यसमिति बैठक की व्यवस्था हेतु पीताम्बर टोपनानी एवं सेवा ही संगठन-2 के अंतर्गत कार्यक्रम तथा टीकाकरण जनजागरण हेतु मृदुल द्विवेदी प्रभारी होंगे। साथ ही स्वास्थ्य स्वयंसेवक प्रभारी भरत पटेल तथा सहप्रभारी डारेश्वर पाठक को नियुक्त किया गया है एवं राहत कार्यक्रम हेतु जिला प्रभारी ललित जायसवाल, सहप्रभारी विजय राय को बनाया गया है। समस्त जिला प्रभारियों से कार्यक्रमों को कार्यकर्ताओं के सहयोग के साथ अत्यंत गरिमापूर्ण ढंग से करने की अपेक्षा जताई है एवं सभी जिला प्रभारियों से मंडलो के प्रभारी नियुक्त करने का आग्रह किया है।

श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. अनुराग खरे | डॉ. कनिका अग्रवाल | डॉ. जाकिर हुसैन | डॉ. अनिमेष गुप्ता
हेल्पलाईन नं.8982275111
उपलब्ध विभाग: मेडिसिन विभाग, हृदय रोग विभाग, स्त्री एवं प्रसूति विभाग, दंत रोग विभाग, हड्डी रोग विभाग, त्वचा एवं सौंदर्य विभाग, शिशु रोग विभाग, मस्तिष्क रोग विभाग, ट्रामा विभाग, कैंसर विभाग, फिजियोथेरेपी विभाग, प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
उपलब्ध सुविधायें: नार्मल डिलेवरी, सीजेरियन डिलेवरी, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, आई.सी.यू. वार्ड, सेमी. प्रायवेट वार्ड, जनरल वार्ड, मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, हेयर ट्रांसप्लांट
सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 19 जून 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# टीकाकरण महाअभियान में टीमवर्क के साथ करें काम

## ग्रामस्तरीय और ब्लॉकस्तरीय संकट प्रबंधन समूह की जवाबदेही महत्वपूर्ण

**कटनी।** 21 जून से जिले में कोरोना टीकाकरण का महा अभियान प्रारंभ होगा। जिले में इलेक्शन पैटर्न पर तैयारियां की जा रही हैं। टीकाकरण केन्द्रों की स्थापना की जा रही है। अधिक से अधिक लोग इस महा अभियान में शामिल होकर टीकाकरण करायें, इसके लिये जिला प्रशासन द्वारा मुस्तैदी से काम किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाले टीकाकरण शिविर सफल हों, इसके लिये पूर्व की तैयारियों की समीक्षा कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने शुक्रवार को की। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में श्री मिश्रा ने कहा कि सभी लोग टीम के रुप में जुटकर काम करें। यह कार्य सामाजिक कार्य है। इसमें अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें। जिलास्तरीय संकट प्रबंधन समूह के द्वारा किये जाने वाले कार्यों के विषय में कलेक्टर ने विस्तार से बताया। उन्होने कहा कि ग्रामस्तरीय और ब्लॉकस्तरीय संकट प्रबंधन समूह की जवाबदेही इस कार्य में बहुत महत्वपूर्ण है। सभी एसडीएम और सीईओ जनपद अपने ब्लॉक और ग्रामस्तरीय संकट प्रबंधन समूहों को सक्रिय करें और तत्परता के साथ 21 जून से प्रारंभ होने जा रहे कोरोना वेक्सीनेशन के महा अभियान में कार्य करें। उन्होने कहा कि इस अभियान के माध्यम से हम लोगों में टीकाकरण को लेकर व्याप्त समस्त भ्रांतियों को दूर करें। इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें। ग्राम पंचायत स्तर पर डोर-टू-डोर कैम्पेन चलायें। टीकाकरण केन्द्रों में साफ-सफाई रहे, इसके लिये भी आयुक्त नगर निगम और सीईओ जनपदों को कलेक्टर ने निर्देशित किया। उन्होने कहा कि एसडीएम वेक्सीन प्रेरकों के साथ बैठक कर लें। जनजागरुकता के लिये स्वसहायता समूहों की सदस्यों और जन अभियान परिषद के वॉलेन्टियर्स को जोड़ा जाये।



### कोरोना से बचाव का उपाय टीकाकरण

स्वास्थ्य विभाग के अमले को वेक्सीनेशन के बाद बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर श्री मिश्रा ने दिये। उन्होने कहा कि छोटी से छोटी बात का भी ध्यान रखें। यह प्रयास महत्वपूर्ण प्रयास है। कोरोना से बचाव का उपाय टीकाकरण है और हमें अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करके उनका वेक्सीनेशन कराना है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे, अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो, एसडीएम रोहित सिसोनिया, सपना त्रिपाठी, सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढ़िया, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा और डिप्टी कलेक्टर नदीमा शीरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।



# कुठला थाना में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक

## कोरोना गाइड लाइन का पालन करने की समझाइश

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के दिशा निर्देश व नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में गतदिवस प्रशिक्षु उपपुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा के द्वारा कुठला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर रक्षा समिति सदस्य, क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक, वार्ड पार्षद, ट्रांसपोर्टर व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे हैं। बैठक में उपस्थित सभी से सुझाव लिए गए एवं उनके संबंध में चर्चा कर समझाइश दी गई। बैठक में उपस्थित लोगों को सामाजिक पुलिस के सिद्धांतों के बारे जानकारी दी गई। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को रोकने के संबंध में सावधानी रखने के संबंध में समझाइश दी गई। वर्तमान में हो रहे साइबर फ्रॉड के संबंध में चर्चा कर उससे बचने के उपाय बताए गए। थाना क्षेत्र के सभी ट्रांसपोर्टरों एवं औद्योगिक फैक्ट्रियों के मालिकों को सीसीटीवी कैमरा लगवाने, सुरक्षा गार्ड रखने, कर्मचारियों का वेरिफिकेशन कराने के संबंध में समझाइश दी गई। वहीं कोरोना महामारी में सावधानी रखने हेतु सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क व शासन के नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। बैठक में कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह, उपनिरीक्षक प्रियंका राजपूत, साइबर प्रभारी उपनिरीक्षक नीरज दुबे एवं समस्त थाना स्टाफ उपस्थित रहा है।

# विद्युत उपकेन्द्र में ऑपरेटरों का शोषण कर रही ट्रिग डिडेस्टिव प्राइवेट लिमिटेड कंपनी

**पूरे महीने काम ले रहे, वेतन 25 दिन का दे रहे**

**कटनी।** जिले के 57 विद्युत उपकेन्द्र में पदस्थ 228 ऑपरेटरों का ट्रिग डिडेस्टिव प्राईवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा शोषण किया जा रहा है। आपरेटरों से महीने के 30 दिन कार्य लिया जाता है, जबकि वेतन मात्र 25 दिनों का ही दिया जाता है और सितम्बर 2019 से हो रहा है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को दिए गए ज्ञापन में आपरेटरों ने बताया कि विगत 2 वर्ष से न तो हमें साप्ताहिक अवकाश दिया जाता है और न ही अवकाश के दिन का वेतन दिया जाता है। सभी विद्युत उपकेंद्रों में एक-एक हेल्पर भी नियुक्त किया गया था, जिनसे विगत दो वर्षों से मीटर रीडिंग का कार्य कराया जाता है, जिसके कारण 4 से 12 कि शिफ्ट में जो पिरटर ड्यूटी में रहता है, उसे हैल्पर के न होने पर परेशानी का सामना करना पड़ता है। वर्ष 2019-20 में प्राइम वन वर्क फोर्स प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के 2 वर्ष के अनुबंध में न तो साप्ताहिक अवकाश दिया गया, न हीं अवकाश के दिन किये गए कार्य का वेतन दिया गया। वर्तमान में 2021 के माह अप्रैल में ट्रिग डिडेक्टिवे प्राईवेट लिमिटेड कंपनी का अनुबंध हुआ, जिसमें 2 माह से समस्त आउटसोर्स कर्मचारियों से महीने के सम्पूर्ण दिवस कार्य लिया जा रहा है, पर वेतन 26 दिनों का ही दिया जाता है। आपरेटरों ने कलेक्टर से कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों के साथ हो रहे मानसिक और शारिरिक शोषण को लेकर कार्यवाही की जाए और साप्ताहिक अवकाश दिलाया जाए या फिर महीने के सम्पूर्ण दिवस किये गये कार्य का वेतन दिलाया जाए। मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत कार्य कर रहे आपरेटरों ने सहायक अभियंता को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि आज तक किसी भी ऑपरेटर की पेमेंट नहीं आई है और सुपरवाइजर से बात करने पर उनके द्वारा बोल दिया जाता है कि 2-3 दिन में आ जायेगी। वेतन लहीं मिलने से सभी ऑपरेटर परेशान हैं।



# शहर के 57 केन्द्रों पर होगा वैक्सीनेशन

## नगर निगम करेगा आवश्यक व्यवस्थाएं

**कटनी।** निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान के अंतर्गत 21 जून से 30 जून तक टीकाकरण किया जाना है। टीकाकरण हेतु नगरीय सीमाक्षेत्र में 57 टीकाकरण केन्द्र चिन्हित किये जाकर नगर निगम से संबंधित संपूर्ण व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करानें एवं मॉनीटरिंग करने हेतु उपायुक्त अशफाक परवेज कुरैशी को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। केन्द्रों में साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं पेयजल व्यवस्था को निर्धारित समय पर पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों कर्मचारियों को प्रदान किये गए है।

**एम.जी.एम. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर**

त्वचा, गुप्त एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ

**डॉ. हितेश लोकवानी**
एम.बी.बी.एस., एम.डी.
डरमेटोलॉजिस्ट एवं कॉस्मेटोलोजिस्ट
(दिनांक 23/06/2021 समय प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक)

**उपलब्ध उपचार**

कील एवं मुहासों का इलाज, गंजेपन का इलाज, सोरायसिस का इलाज, मस्से एवं तिल का इलाज, काले दाग एवं सफेद दाग का इलाज, स्किन ग्लो एवं झाईयों का इलाज, बालों के झड़ने का इलाज (पुरूष/महिला), अनचाहे बाल लेजर से हटाना (शरीर के किसी भी अंग से), बाली से कटा कान जोड़ना बिना टांके, बिना पट्टी मशीन द्वारा जोड़ना।

माह के दूसरे एवं चौथे बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।

नोट- असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।
पता- एम.जी.एम. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर फॉरेस्टर प्लेग्राउंड के पास कचहरी चौक, कटनी, फोन- 07622-405070,71,72

**कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई,
सिविल लाईन गणेश चौक कटनी, जिला कटनी (म.प्र.) 483501**

दूरभाष :- 07622-401753 ई-मेल :- dpepiukatni@gmail.com

एन.आई.टी. नं. -09/2021/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीई/............ कटनी दिनांक 07.06.2021

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :

| स.क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड प्राप्त की जावेगी। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2021_PWPIU_146674 | जिला कटनी में वर्ष 2021-22 के लिये एस.क्यू.सी. एजेंसी का कार्य। | कटनी | 58.47 | 58470.00 | 10000.00 | म.प्र. के मुख्य वास्तुविद लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत | 12 माह वर्षाकाल सहित | अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. साउथ सिविल लाईन जबलपुर |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 15.06.2021 समय 09:00 से दिनांक 25.06.2021 समय 06:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेवसाईट पर देखी जा सकती है।
4. मूल अमानत राशि एवं तकनीकी बिड ऑनलाईन दिनांक 28.06.2021 को सायंकाल 06:00 बजे तक प्राप्त किये जावेंगे।
5. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी- 13441/21

संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. कटनी

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**
**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**
**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**
**मो. 8109417340**

**कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी विभाग
जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर**

ई-मेल - sepheprocjbp@mp.gov.in, दूरभाष क्रमांक 0761 2347195, 2344457

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 03/नि.प्र./मु.अ./लोस्वायॉंवि/2021-22 जबलपुर दिनांक 14.06.2021

निम्न कार्यों हेतु निविदा का आनलाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई हैं। ऑनलाईन निविदा विक्रय करने की अंतिम तिथि 30.06.2021 सायं 05.30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 02.07.2021 11.00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

**A- Name of Work - Appointment of Third Party Inspection Agencies (TPIAs) for inspection of works to be implemented under Jal Jeevan Mission (JJM) in District/ Division Katni, Narsinghpur, Dindori, Shahdol, Anuppur, Umariya of Jabalpur Zone (6th CALL)**

| S.No. | E-tender No | Name of Division | PAC in Rs Cr. | e-EMD in Lakhs | Cost of Tender in Rs. |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2021_PHED_146654_1 | Narsinghpur, Dindori | 3.78 | 3.78 | 15000/- |
| 02 | 2021_PHED_146649_1 | Katni | 2.67 | 2.67 | 15000/- |
| 03 | 2021_PHED_146655_1 | Shahdol/ Anuppur/ Umariya | 4.30 | 4.30 | 15000/- |

जी- 13555/21

कार्यपालन यंत्री (प्रोक्योरमेंट)

**कार्यालय नगर परिषद
विजयराघवगढ़ जिला-कटनी (म.प्र)**

क्र./4296/लो.नि.वि./न.परि./प्र.आ.यो./21
विजयराघवगढ़ दिनांक 17/06/2021

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना वर्ष 2022 तक पूर्ण की जानी है। अतः ऐसे हितग्राही जो प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु पात्रता रखते है, वह दिनांक **18.06.2021 से 25.06.2021** तक समस्त आवश्यक दस्तावेज जैसे (स्वयं के नाम का भूमि स्वामित्व दस्तावेज, मूल निवासी का साक्ष्य, आय प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड, समग्र आईडी इत्यादि) जमा करें इस अवधि के उपरांत प्रधानमंत्री आवास योजना का कोइ भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**दिशा निर्देश**

1. पात्र हितग्राही का सर्वेक्षण प्रधानमंत्री आवास योजना (सबके लिये आवास 2022-शहरी) की दिशा निर्देश पुस्तिका अनुसार किया जायेगा एवं पुस्तिका की सभी शर्ते मान्य करने पर ही हितग्राही का चयन किया जायेगा ।
2. हितग्राही की पात्रता पर विचार योजना हेतु आवश्यक सभी दस्तावेज (दिशा निर्देश पुस्तिका अनुसार) प्रस्तुत करने के पश्चात ही किया जायेगा।
3. सर्वेक्षित हितग्राहियों की सूची प्रकाशन पश्चात यदि दावा आपत्ति जांच में अपात्र पाया जाता है तो सर्वेक्षित हितग्राही को योजना का लाभ नहीं दिया जायेगा।
4. सूची में अंतिम पात्र हितग्राहियों का निर्धारित माननीय कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदन पश्चात किया जायेगा।
5. प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती हैं।
6. गलत/त्रुटिपूर्ण जानकारी प्रस्तुत करने पर आपके विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराते हुये वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

**नोटः-** भूमि स्वामित्व स्वयं के नाम का होना अनिवार्य है।

(पूजा बुनकर)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद विजयराघवगढ़

**कार्यालय नगर परिषद, विजयराघवगढ़, जिला कटनी (म.प्र.)**

फोन नं.......... ईमेल cmovijayraghavgad@mpurban.gov.in

क्र. 4291/PWD/NP/2021 विजयराघवगढ, दिनाक-16.06.2021

**// ई निविदा आमंत्रण सूचना//**

एतद् द्वारा लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी के पंजीयक कृत ठेकेदार/फर्म से अधोलिखित विवरण अनुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिनांक 10 मई 2012 एवं समस्त संसाधन सहित प्रभावशील प्रचलित आई.एस. एस.आर के आधार पर कम/अधिक प्रतिशत दर पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| निविदा क्रमांक | कार्य का नाम एवं विवरण | प्राक्कलन राशि (रु. में) | धरोहर राशि (रु. में) | निविदा फार्म का शुल्क | श्रेणी | समयावधि | क्रं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 2021_UAD_147155_1 | मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना (तृतीय चरण) के अंतर्गत वार्ड क्र. 15 मंगल भवन से आई.टी.आई. तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य | 67,34,000/- | 50,600/- | 10,000/- | "C" Class & Above / New PWD Reg. | 6 माह | 1 |

शर्ते - (1) निविदा प्रपत्र बेवसाइट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे ।
(2) ऑनलाइन निविदा प्रपत्र दिनांक 17.06.2021 से 22.07.2021 साय 5.30 बजे तक है।
(3) ऑनलाइन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 22.07.2021 सायं 5.30 बजे तक है।
(4) अमानत राशि एवं अन्य निविदा सबधित दस्तावेज केवल ऑन लाइन ही मान्य किये जावेंगे। निविदा दिनांक 24.07.2021 को 12:00 से खोली जावेगी।
(5) टेण्डर फार्म-ए ठेकेदार का निम्नलिखित दस्तावेज जमा करना अनिवार्य होगा - (अ) अमानत राशि (EMD) (ब) निर्धारित शपथ पत्र (Affidavit) नवीन प्रारूप अनुसार (स) लो.नि.वि. (PWD) का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र । (द) पेन नम्बर एवं जी.एस.टी. न. ।
(6) टेण्डर फार्म एवं NIT के अनसार 'अन्य टेक्नीकल मिड दस्तावेज'
(7) सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
(8) टेण्डर फार्म में अमानत राशि के साथ अन्य दस्तावेज ऑनलाइन जमा करना अनिवाय होगा ।
(9) निविदा के समस्त अधिकार नगर परिषद विजयराघवगढ़ के पास सुरक्षित होंगे।
(10) कार्य की गुणवत्ता सर्वोपरी होगी । कार्य समय सीमा पर पूर्ण करना अनिवार्य होगा, अन्यथा विलंब कार्यवाही नगर परिषद द्वारा की जावेगी।
(11) निविदाकार का नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग एवं शासन के समस्त नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।
(12) निविदा में जी.एस.टी. छोड़कर समस्त करों की कटौती नियमानसार की जावगी एवं प्रत्येक देयक के साथ जी.एस.टी. का भुगतान तत समय प्रचलित दर से किया जावेगा।
(13) निविदाकार का दर स्वीकृति उपरांत जिला श्रमपदाधिकारी के पास श्रम आयुक्त के संविदा श्रमिक (विनिमय एवं समाप्ति) अधिनियम 1970 के अंतर्गत प्रारूप-05 तत्काल जमा करना अनिवार्य होगा। तत्पश्चात ठेकेदार के उक्त पंजीयन निकाय में जमा कराकर अनुबंध संपादित किया जावेगा। पंजीयन निर्धारित अवधि में जमा न होने पर ठेका निरस्त की कार्यवाही की जावेगी।
(14) योजना अंतर्गत शासन द्वारा प्रदाय राशि के आधार पर ही भुगतान यथासमय किया जावेगा जिसे निविदाकर का मान्य करना होगा।
(15) निविदा पपत्र अनुबंध का एक भाग होगा एवं एसी अन्य समस्त नियम एवं शर्तें तथा किसी भी विवाद की स्थिति में जो की उल्लेखित नहीं है के संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश/दिशा निर्देश अतिम एवं मान्य होंगे ।
(16) अतिरिक्त जानकारी वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर टेण्डर डाक्यूमेंट पर देखी जा सकती है या कार्यालय नगर परिषद विजयराघवगढ़ में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय पर प्राप्त की जा सकती है।

नोट - (1) निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में केवल ऑनलाईन संशोधन किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं ।
(2) निविदाकार को ई.पी.एफ. का पंजीयन प्रमाण देना अनिवार्य होगा।
(3) निविदाकार लेबर विभाग का पंजीयन प्रमाण दर स्वीकृति उपरांत देना अनिवार्य होगा। Cost Escalation Clause लागू नहीं होगा।

प्रशासक
नगर परिषद विजयराघवगढ़

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद विजयराघवगढ़

# चक्रवात के असर से झमाझम के आसार



## मानसून की सक्रियता के बावजूद शहर सूखा, बिना बरसे उमड़-घुमड़ रहे बादल

क्षशहर में शुक्रवार को आसमान में सुबह से काले बादल मंडराए। कई बार ऐसा मौसम बना की शहर के तर होने की उम्मीद बनी लेकिन काफी देर तक उमड़ने-घुमड़ने के बाद बादल बिना बरसे ही लौट गए। बादलों के बर्ताव और बीच में आसमान हल्का साफ होने से उमस बढ़ने लगी। पारे में गिरावट के कारण गर्मी को ज्यादा असर दिखाने का मौका नहीं मिला। शाम को सूर्यास्त से पहले कुछ देर के लिए धूप खिली। इससे चिपपिची गर्मी महसूस हुई। इधर मौसम विभाग के अनुसार शनिवार से दक्षिण-पश्चिमी मानसून के सक्रिय होने के साथ बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिमी बिहार ओर दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर एक चक्रवात है। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव आ रहा है। इससे तेज हवा चलने के साथ बूंदाबांदी हो सकती है।



### आगे बढ़ा दक्षिण-पश्चिमी मानसून

दक्षिण-पश्चिम की ओर से आने वाला मानसून और आगे बढ़ गया है। यही वजह है कि शनिवार को एक बार फिर इसके सक्रिय होने की संभावना जताई जा रही है। अभी तक शहर को जिस मानसूनी बारिश का इंतजार है वह शनिवार से रविवार के बीच होने की उम्मीद बढ़ गई है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटे के दौरान जिले में बारिश के साथ तेज हवा चलने की संभावना है।

### दक्षिण-पूर्वी उत्तरप्रदेश के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र

मौसम में आए बदलाव के बाद पिछले कुछ दिनों से सुबह के समय काले बादल छाने के साथ हल्की फुल्की बारिश हो रही है। दोपहर बाद आसमान साफ होते ही धूप और उमस असर दिखाने लगती है जबकि पिछले सप्ताह तक यह क्रम उल्टा था। सुबह के समय धूप तपती थी और शाम को बादल के साथ बारिश भी आती थी। इससे लोगों को उमस से काफी राहत रही। शुक्रवार को भी सुबह के समय बादलों के साथ हल्की बारिश हुई लेकिन दोपहर की धूप ने उमस बढ़ा दिया था। शाम तक लोग पसीने से तर-बतर होते रहे। मौसम विभाग का कहना है कि दक्षिण-पश्चिमी बिहार और दक्षिण-पूर्वी उत्तरप्रदेश के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। वहीं पश्चिमी राजस्थान से झारखंड होते हुये बंगाल की खाड़ी तक भी कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। इसलिए बारिश के आसार बढ़ गये हैं।

### बादलों से बढ़ी आस

शहर में बादल बारिश का दौर तो शुरू हो गया लेकिन अभी तक मानसूनी बारिश नहीं हुई है। बारिश की रफ्तार का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि गुरुवार से लेकर शनिवार की सुबह तक मामूली बारिश हुई है। हालांकि मौसम विभाग लगातार बेहतर बारिश की संभावना व्यक्त कर रहा है। उसी अनुसार बादल भी मंडरा रहे हैं लेकिन जैसे ही बारिश शुरू होती है तेज हवा पानी को उड़ाकर अपने साथ ले जाती हैं।

### अब तक सक्रिय नहीं हुआ मानसून

शहर में मानसून की आमद 11 से 12 जून को हो गई थी। बावजूद इसके अभी तक मानसून सक्रिय नहीं हो पाया है। हर दिन थोड़ी-थोड़ी बारिश ही दर्ज हो रही है जबकि प्रदेश के कई हिस्सों में झमाझम बारिश हो चुकी है। स्थिति यही रही तो जिले की जून माह की औसत बारिश पिछड़ सकती है। क्योंकि एक जून से लेकर अभी तक मात्र सवा तीन इंच यानी करीब 82 मिलीमीटर बारिश ही हुई है। शुक्रवार को भी हल्की बारिश हुई। बादल भी मंडरा रहे थे जिसके कारण दोपहर तक बेहतर बारिश होने की उम्मीद की जा रही है। मौसम विभाग का कहना है कि जिले में मानसून की आमद तो हो गई है लेकिन अभी सक्रिय नहीं हुआ है।

# एटीएम में महिला से 15 हजार की ठगी

**कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत पंचायत तिराहा स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में एक महिला के साथ 15 हजार रूपए की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक एनकेजे थाना अंतर्गत रोशननगर निवासी आशा चौधरी नामक महिला गतदिवस माधवनगर के पंचायत तिराहा स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में पैसा निकालने गई थी। जहां उससे एटीएम आपरेट करते नहीं बना तो वहां पहले से मौजूद अज्ञात युवक की मदद ली। बताया जाता है कि युवक मदद करते हुए उसके एकाउंट से 15 हजार रूपए निकाल कर चंपत हो गया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात युवक के विरूद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। युवक की तलाश के लिए एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी मदद ली जा रही है।

# युवा व्यवसायी कोरोना संक्रमित, नागपुर में एडमिट

**कटनी।** युवा समाजसेवी एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी बंटू रोहरा पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ होकर नागपुर के एक निजी हॉस्पिटल में इलाजरत हैं। जानकारी के मुताबिक कुछ दिन पहले कोरोना के लक्षण होने पर बंटू रोहरा ने नई बस्ती स्थित प्राईवेट क्लीनिक में अपना टेस्ट कराया था, जिसमे उनकी रिपोर्ट पॉजीटिव आई थी। कोरोना पॉजीटिव होने के बाद बंटू रोहरा ने नागपुर के एक निजी हॉस्पिटल में एडमिट होकर अपना इलाज कराया और स्वस्थ होने के बाद घर वापस आ गए। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले एक बार फिर उनकी तबियत बिगड़ी, जिस पर परिजन उन्हें नागपुर लेकर गए और भर्ती कराया। अब उनकी हालत सुधार पर बताई जा रही है।

# चिन्हित स्थलों से कराया गया सब्जी व फल का व्यवसाय




**कटनी।** कोरोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण एवं नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम के गठित अमले द्वारा सब्जी एवं फ्लों का थोक एवं फुटकर व्यवसाय चिन्हित स्थलों से ही करानें के रोजाना प्रातःकालीन प्रयास किये जा रहे है।

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित थोक अस्थाई सब्जी मंडी सहित नगर के अन्य स्थलों फारेस्टर प्लेग्र्राउण्ड मैदान, हाउसिंग बोर्ड स्थित मैदान एवं माधवनगर स्थित उत्कृष्ट विद्यालय सहित अन्य चिन्हित स्थलों में रोजाना साफसफाई एवं निर्धारित दूरी पर चूने की लाईनिंग, व्यवस्थित रूप से व्यवसायियों को बैठालनें आदि की कार्यवाही की जाकर प्रोटोकाल के साथ व्यवसाय के संचालन की कार्यवाही की जा रही है। अतिक्रमण अधिकारी श्री गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि संक्रमण के प्रसार पर लगाम लगानें की दृष्टि से निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों सिल्वर टॉकीज मोड, विश्कर्मा पार्क सहित नगर के अन्य स्थलों का निरीक्षण किया जाकर सार्वजनिक मार्गो के किनारे बैठकर सब्जी फल विक्रेताओं को चिन्हित स्थल फारेस्टर प्लेग्राउण्ड भेजा जाकर नियमानुसार व्यवसाय करानें की कार्यवाही की गई।

# बरसात के पहले नाले-नालियों के सफाई





**कटनी।** आगामी वर्षा ऋतु में अतिवृष्टि के दौरान नगर के मुख्य मार्गो में जलभराव की संभावना से निजात पानें तथा सुगम यातायात व्यवस्था की दृष्टि से नाला सफाई हेतु संलग्न स्वच्छता मित्रों के माध्यम से रोजाना नगर के बडे एवं छोटे नाले-नालियों की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नें जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम के स्वच्छता सैनिकों द्वारा नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था सहित जलभराव की समस्या से निजात दिलानें अभियान चलाकर महात्मा गांधी वार्ड स्थित राष्ट्रीय स्कूल के पास वाले नाले एवं सामनें बस्ती के नाले की सफाई का कार्य, बी.डी.अग्रवाल वार्ड स्थित पाण्डे जी के घर के पास वाले नाले एवं बाडे की अन्य स्थलों की नालियों, नेहरू वार्ड स्थित इंड्रस्टियल एरिया की नालियों, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला चौधरी बस्ती कृष्ण मंदिर के पास से मोती ठेकेदार के घर के सामनें वाली नाली तथा दिलावर खान की डेरी के सामनें वोडाफोन टावर के पास वाली नाली, फारेस्टर वार्ड स्थित भारत चौक के सामनें वाली नाली की सफाई सहित नगर के अन्य स्थलों के बडे एवं छोटे नाले - नालियों की सफाई की जाकर अपशिष्ट को बाहर निकाला गया। नगर के सार्वजनिक स्थलों एवं मुख्य मार्गो सहित अन्य क्षेत्रों की सार्वजनिक सडकों की सफाई व्यवस्था के रोजाना दो पलियों के माध्यम से प्रयास किये जा रहे है। नागरिकों की सुविधा एवं संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु चिन्हित सब्जी फल के क्रय- विक्रय स्थलों की सफाई उपरान्त सोशल डिस्टेंसिंग के पालन करानें हेतु चूनें की लाईनिंग सहित रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न सार्वजनिक मार्गो की सफाई व्यवस्था का कार्य अनवरत जारी है। निगमायुक्त सत्येन्द्र धाकरे के निर्देशन में कराई जानें वाली सफाई व्यवस्था के तहत पन्ना मोड, बस स्टेण्ड परिसर, नदी पार से बस स्टेण्ड तक मुख्य मार्ग के डिवाईडर, मिशन चौक मुख्य मार्ग, साधूराम स्कूल परिसर, बी0डी0 अग्रवाल वार्ड स्थित कोढी मोहल्ला, कावसजी वार्ड भीमराव चौक से विवेकानदं चौक तक मुख्य मार्ग एवं कचरा डंपिंग प्वाइंट की सफाई शमशान भूमि के पास वाले सुलभ शौचालय की सफाई बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे के मुख्य मार्ग एवं डिवाइडर, माधवनगर गेट के पास के डिवाइडर, राम जानकी हनुमान वार्ड स्थित विभिन्न रोशन नगर सहित वार्ड की अन्य गलियों में झाडू लगाकर सफाई कार्य सहित नगर के अन्य वार्डो की मुख्य एवं अन्य गलियों में सफाई का कार्य कराया गया।



न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1
आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

